तापमान

अधिकतम 30 .0 डिग्री

न्यूनतम 16 .0 डिग्री

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार, मार्च 10, 2025



13 मानवता की सेवा और आध्यात्मिक जागरूकता..





12 एकादशी के उपलक्ष्य पर महिलाओं ने लगवाई...




## शहर में आज

- सुबह पांच बजे गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब में शब्द कीर्तन।
- सुबह पांच बजे अग्रवाल धर्मशाला में प्रभात फेरी।

## खबर संक्षेप

### अभेराम कंडेला की हृदय गति रुकने से मौत

**जींद।** हरियाणा जनकल्याण मंच के पंचायती प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अभेराम कंडेला की देर रात हार्ट अटैक से अचानक मौत हो गई। उनकी उम्र ७८ वर्ष थी। रविवार को उनके अंतिम संस्कार में खाप पंचायतों के राष्ट्रीय संयोजक टेकराम कंडेला, भीरा दालमवाला, अजमेर दालमवाला, कंडेला गांव के सरपंच अनुप सिंह आदि भारी संख्या में लोग शामिल हुए और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।

### किलाजफरगढ़ गांव से 60 वर्षीय वृद्ध लापता

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के किलाजफरगढ़ गांव से एक 60 वर्षीय वृद्ध लापता हो गया। इसकी शिकायत पुलिस को दी गई। किलाजफरगढ़ गांव निवासी पूनम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पांच मार्च को उसका 60 वर्षीय पिता गोवरधन गांव से अचानक लापता हो गया। काफी तलाश के बाद उसका कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### लंगर घर पर पूर्व सैनिकों की हुई बैठक



**जुलाना।** बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक।

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के लंगरघर पर पूर्व सैनिकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक हवा सिंह ने की। बैठक में पूर्व सैनिक नरेंद्र लाठर ने कहा कि जुलाना में कैंटीन की मांग काफी समय से हो रही है। सफीदों और गोहान में कैंटीन बन सकती है तो जुलाना में क्यों नहीं। इसके अलावा जुलाना के अटल पार्क में शहीदी पार्क बनाया जाएगा। इस संबंध में पूर्व सैनिक डिप्टी स्पीकर डा कृष्ण लाल मिढ़ा से मिले थे। नरेंद्र लाठर ने कहा कि पूर्व सैनिक वेल्फेयर एसो. द्वारा छह अप्रैल को करसोला गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा।

### कुरुक्षेत्र में 18 से 1008 कुंडीय महायज्ञ

जींद। कुरुक्षेत्र में 18 मार्च से 27 मार्च तक 1008 कुंडीय शिवशक्ति महायज्ञ आयोजित होगा। यह महायज्ञ कुरुक्षेत्र के नेहरू पार्क में चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज के सान्निध्य में आयोजित होगा। उचाना महायज्ञ संयोजक अनिल शर्मा, राजू शर्मा ने बताया कि जीवन में यज्ञ का महत्व है। यज्ञ को लेकर निरंतर लोगों को प्रेरित करने के लिए यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज 101 कुंडीय महायज्ञ कर चुके है। हवन से पर्यावरण जो दूषित हो रहा है वो दूषित होने से बचेगा। उचाना से महायज्ञ में सबसे अधिक भागीदारी होगी। 18 से 27 मार्च तक चलने वाले महायज्ञ के माध्यम से सुखए समृद्धि की कामना की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला गायब, केस दर्ज

**जींद।** अलेवा थाना क्षेत्र के एक गांव से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। पुलिस ने पति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अलेवा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 23 वर्षीय पत्नी बिना बताए अपने तीन बच्चों को छोड़ कर कहीं चली गई। उसकी आसपास तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

# मिट्टी के ऊपर ही बजरी डालकर बनाई जा रही सड़क, डिप्टी स्पीकर ने लिया संज्ञान

**जींद।** नई अनाज मंडी में मार्केटिंग बोर्ड द्वारा सड़क बनाने के काम में कथित लापरवाही बरते जाने के मामले में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने कड़ा संज्ञान लिया है। डिप्टी स्पीकर द्वारा जिला उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा को मामले की जांच आदेश दिए थे। जिस पर कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में उपमंडल अधिकारी नागरिक को अध्यक्ष मनोनित किया गया है। जबकि लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता व पंचायती विभाग जींद के कार्यकारी अभियंता को सदस्य मनोनित किया गया है। गठित की गई कमेटी न केवल सड़क निर्माण में बरती गई अनियमितता की जांच करेगी बल्कि स्थानीय आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं के उपाय भी सुझाएगी। इसके अलावा निर्माण सामग्री की सैंपलिंग भी होगी और 24 घंटे में जांच देनी होगी। इस मामले को हरिभूमि समाचार पत्र ने प्रमुखता से छापा था।

- तीन दिवसीय कमेटी करेगी मामले की जांच

हरिभूमि इंपेक्ट



### ...नई अनाज मंडी में सड़क निर्माण में लापरवाही का मामला

नई अनाज मंडी में आगामी सरसों व गेहूं सीजन को देखते हुए पहले ही व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इन व्यवस्थाओं के तहत अनाज मंडी में सड़क निर्माण का कार्य करवाया जा रहा है। स्थानीय आढ़तियों का कहना है कि जो सड़क का निर्माण हो रहा है वो घटिया स्तर पर हो रहा है। मिट्टी पर सीधे बजरी डाल कर सड़क निर्माण किया जा रहा है। जबकि रोड़ा डाला जाना चाहिए और उसे दबाया जाना चाहिए। आढ़तियों का कहना कि सड़क का निर्माण सही तरीके से करवाया जाना चाहिए ताकि परेशानी न हो। इसे लेकर सोशल मीडिया पर फोटो भी वायरल किए गए थे। जिसमें मिट्टी के ऊपर ही तारकोल डालकर मार्केटिंग बोर्ड द्वारा सड़क निर्माण की औपचारिकता पूरी की जा रही थी।

### डिप्टी स्पीकर ने लिया संज्ञान



हरिभूमि

सड़क निर्माण में लापरवाही का आरोप

मिट्टी के ऊपर ही बजरी डालकर बनाई जा रही सड़क

**जींद।** हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ समाचार। *फोटो : हरिभूमि*

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने मामले में कड़ा संज्ञान लिया और डीसी को जांच के आदेश दिए। मार्केटिंग बोर्ड द्वारा जो सड़क निर्माण करवाया जा रहा है, उसमें बड़े पैमाने पर अनियमितता बरते जाने की जांच करवाने की बात कही थी। डीसी ने आदेशों की पालना करते हुए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। गठित कमेटी 24 घंटे में जांच कर रिपोर्ट पेश करेगी।

### लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं : डा. मिड्ढा



हरियाणा विस के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा।

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भाजपा सरकार ईमानदारी से कार्य कर रही है। सरकार द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि जो भी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं वो गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए लेकिन सड़क निर्माण मामले में अनियमितता की शिकायत मिली है। जिस पर जांच के आदेश दिए गए हैं। विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## हरियाणा रोडवेज की बसों में रेस लगाने का मामला

# दूसरे ड्राइवर को शोकॉज नोटिस तीन दिन में देना होगा जवाब

मामले को लेकर हरियाणा राज्य परिवहन चंडीगढ़ महाप्रबंधक ने निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

### एक बस चालक को पहले ही किया गया सस्पेंड

रोडवेज बस चालकों द्वारा बसों की रेस लगा यात्रियों की जान जोखिम में डालने के मामले का वीडियो वायरल होने पर अब दूसरे चालक को शोकॉज नोटिस जारी किया है है। इस मामले में एक बस चालक को पहले ही सस्पेंड किया जा रहा है। दूसरे चालक कुलदीप को शोकॉज नोटिस का जवाब तीन दिन में देना होगा। इसे लेकर हरियाणा राज्य परिवहन चंडीगढ़ महाप्रबंधक द्वारा निर्देश दिए गए हैं। अगर चालक कुलदीप तीन दिन में जवाब नहीं देता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दूसरी बस हिसार डिपो की थी और इस पर ड्राइवर कुलदीप तैनात था। गौरतलब है कि गत एक मार्च को जींद डिपो के नरवाना सब डिपो की बस चंडीगढ़ से नरवाना की तरफ आ रही थी। इस बस को आगे हिसार जाना था। रोडवेज की इस बस को ड्राइवर महेंद्र सिंह चला रहा था।

- रोडवेज बस ड्राइवर ने यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हुए ओवर स्पीड में बस चलाई

कलायत से आगे निकलते ही ड्राइवर महेंद्र सिंह ने हिसार डिपो की एक दूसरी बस थी, उससे आगे निकालने की कोशिश की। हिसार डिपो की बस को ड्राइवर कुलदीप चला रहा था। कुलदीप ने अपनी स्पीड बढ़ाई तो महेंद्र सिंह ने भी उस बस से आगे निकालने के लिए रेस लगा ली। इससे यात्रियों के जान पर बन आई।





**जींद।** वह बस जिसे महेंद्र ने ओवरस्पीड चलाया।

### ड्राइवर की गई कार्रवाई

इस पर जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन जींद डिपो के ड्राइवर महेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया था। अब हरियाणा राज्य परिवहन चंडीगढ़ महाप्रबंधक द्वारा हिसार डिपो के ड्राइवर कुलदीप सिंह को भी शोकॉज नोटिस जारी करते हुए तीन दिन का समय दिया है।

यात्रियों ने बाद में शिकायत जीएम से की और ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी

### 10 किमी किया कंपीटिशन

लगभग 10 किमी तक दोनों बस ड्राइवरों के बीच एक-दूसरे से आगे निकालने का कंपीटिशन जारी रहा। इतना ही नही नरवाना में एंट्री के दौरान फ्लाईओवर पर गंभीर लापरवाही करते हुए बस को रॉंग साइड में चलाया। इस सारे घटनाक्रम की बस के पीछे आ रही कार के चालक रमेश ने वीडियो भी बना ली। रोडवेज बस ड्राइवर ने यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हुए ओवर स्पीड में बस चलाई तो साथ ही रांग साइड भी बस ले गया। जिससे यातायात नियमों की अवहेलना के साथ-साथ हादसे का खतरा रहा। यात्रियों ने बाद में इसकी शिकायत जीएम से की और ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# तनावमुक्त करती है सुदर्शन क्रिया

- इंडस पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय हैप्पीनेस कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग के चार दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का समापन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान ने उपस्थित प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रिया का अनुभव करवाया। श्रीश्री रविशंकर द्वारा विकसित की गई सुदर्शन क्रिया एक लयबद्ध तकनीक है, जो थकान, तनाव और नकारात्मक भावनाओं को दूर करने में मदद करती है। जिसके करने से मन शांत और शरीर ऊर्जावान रहता है। नरेश जागलान ने बताया कि सुदर्शन क्रिया को करने से मन शांत होता है, स्ट्रेस दूर रहता है, आत्मविश्वास बढ़ता है, नींद अच्छी आती है। शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और बॉडी का एनर्जी लेवल बढ़ जाता है। आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवक दलेर सिंह विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा कि सुदर्शन क्रिया मानवता के लिए एक बहुमूल्य उपहार है। जिससे चिंता तनाव और अवसाद से राहत मिलती है। मानसिक संतुष्टि की अनुभूति होती है, बेहतर नींद आती है तथा सकारात्मक हार्मोन विकसित होते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग विकास समिति के सदस्य कपिल जैन ने बताया कि हैप्पीनेस प्रोग्राम करने से आत्मविश्वास व जागरूकता बढ़ती है और जीवन को नया दृष्टि कौन मिलता है। इस कार्यक्रम में गवर्नमेंट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र धवन, सचिव संगीता पटपटिया, पवन कुमार, लोकेश बंसल व अंबिका का योगदान सराहनीय रहा।



**जींद।** सुदर्शन क्रिया में भाग लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

# पुरानी अनाजमंडी में दुकान के गल्ले से 15 हजार चोरी



**जींद।** पुरानी अनाजमंडी में दुकान में लगे कैमरे में कैद चोर। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना कस्बे की पुरानी अनाजमंडी में दुकान के गल्ले से 15 हजार की नगदी चोरी हो गई। इसकी पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुरानी अनाजमंडी में स्थित बाला जी किरयाना स्टोर के संचालक संजय कुमार ने बताया कि वह शनिवार को दुकान को खुली छोड़ कर शौच करने के लिए गया था। दुकान में गल्ले में 15 हजार रुपये की नगदी चोरी हो गई। दोपहर के समय एक युवक दुकान में घुस जाता है और गल्ले में रखी 15 हजार रुपये की नगदी चोरी हो गई। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा युवक विकलांग नजर आता है और दुकान के गल्ले से नगदी निकाल कर फरार हो जाता है। जब वह पेशाब करके वापस आया तो दुकान में रखी नगदी चोरी मिली। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हालांकि अभी तक पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है।

- संचालक दुकान को खुली छोड़ कर शौच करने के लिए गया था
- पुलिस को शिकायत नहीं दी गई

# भाजपा नेता के परिवार पर हमला करने पर चार नामजद

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने भाजपा कार्यालय सचिव के रिश्तेदारों पर पुरानी रंजिश के चलते फायर करने, मारपीट करने पर हत्या करने का प्रयास, धमकी देने, जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी रवि ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत आठ मार्च को शिव कालोनी निवासी अंश व उसके भाई हर्ष, प्रवीण, दीपक, प्रवीण शर्मा सहित तीन-चार अन्य लड़कों ने रंजिश के चलते उनके साथ मारपीट की थी। शनिवार को वह तथा उसका भाई नरेंद्र शर्मा (भाजपा कार्यालय प्रभारी) घर पर बैठे हुए थे। उसी दौरान अंश उर्फ लक्की शर्मा व उसके तीन-चार अन्य दोस्त रिटीज गाड़ी में सवार होकर आए और उन पर हमला कर दिया। इस दौरान उन्होंने फायर भी किए लेकिन निशाना चूक जाने के कारण फायर का छर्रा उसकी माता अर्चना शर्मा (47) को जा लगा। जिसमें मां घायल हो गई। वारदात को अंजाम देकर अंश शर्मा अपने दोस्तों के साथ मौके से फरार हो गया।

- पुरानी रंजिश के चलते की मारपीट और चलाई गोली
- सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

### पुलिस ने किया मौके का मुआयना

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया था। पुलिस ने रवि की शिकायत पर अंश, हर्ष, प्रवीण, दीपक, प्रवीण शर्मा के खिलाफ हत्या करने का प्रयास, धमकी देने, जानलेवा हमला करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना प्रभारी विनोद ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# कैथल में कनाडा भेजने के नाम पर 12 लाख 63 हजार रुपये की ठगी

**कैथल।** एक युवक को कनाडा भेजने के नाम पर 12 लाख 63 हजार रुपये की ठगी की गई है। गुहला के गांव सलेमपुर निवासी दर्शन सिंह की शिकायत पर गांव बुबकपुर निवासी हरकीरत के विरुद्ध गुहला थाना में ठगी का केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसने पहले अमरजीत सिंह अन्य के विरुद्ध गुहला थाना में इंग्लैंड भेजने के नाम पर ठगी करने की शिकायत दी थी। इस मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और इसे लेन देन का मामला बना दिया था। इसके बाद उसकी जान पहचान हरकीरत और एडवोकेट अजय मेहता से हुई थी। वे कहने लगे कि उसकी शिकायत पर केस दर्ज करवा देंगे। इसके लिए पुलिस अधिकारी के नाम पर जून 2024 में 50 हजार रुपये भी ले लिए थे।

### आरोपितों से जान का खतरा

हरकीरत ने कहा कि वे भी युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। सात दिनों के अंदर पूरे परिवार को वर्क परमिट पर कनाडा भेज देंगे। वह आरोपित की बातों में आकर उसे करीब 17 लाख सहित कागजात दे दिए थे। सात अगस्त को उसके पास वीजा और टिकट भेजे गए थे। जांच में फर्जी मिले। आरोपितों से बात की तो बोले जल्द कनाडा भेज देंगे। जब नहीं भेजा तो इस बारे में पंचायत हुई थी। इसके बाद उसके कुछ रुपये वापस कर दिए थे। अब भी आरोपित को उसके 12 लाख 63 हजार रुपये देने हैं। उसने यह पैसे ब्याज पर उधार लिए हुए थे। उसे और उसके परिवार को आरोपितों से जान का खतरा बना हुआ है। गुहला थाना के जांच अधिकारी एएसआई रामचंद्र ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विदेश भेजने के नाम पर सवा छह लाख हड़पे

जींद। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर सवा छह लाख रुपये ठगने पर तीन लोगों पर मामला दर्ज किया है। गांव मालसरीखेड़ा निवासी मुकेश ने पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह विदेश जाना चाहता था। इसी को लेकर मोहाली पंजाब के रुद्राक्ष खूप ओवरसीज सोल्यूशनज के एडवाइजर हरप्रीत, सुखदीप कौर, वर्षा से मिला था। तीनों ने विदेश में वर्क वीजा लगवा कर काम दिलाने की बात कही थी। उसने सवा छह लाख की राशि दे दी। काफी समय बीत जाने के बाद उसे गुमराह किया जाता रहा। बाकायदा के उसके फर्जी कागजात तक तैयार करवाए गए। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एडवाइजर हरप्रीत, सुखदीप कौर, वर्षा पर धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# चावल खरीद के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी के मामले में दूसरा आरोपी 9 दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

चीका क्षेत्र से चावल खरीदने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले की जांच सीआईए-1 पुलिस प्रभारी एसआई पारस की अगुवाई में एएसआई प्रवीन कुमार की टीम ने आरोपी अहमदाबाद निवासी मनीष बुडवानी को उदयपुर राजस्थान से काबू कर किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 20 हुड्डा कैथल निवासी सचिन गोयल कि शिकायत अनुसार उसकी पटियाला रोड चीका में राधा कृष्ण राइस एंड जनरल मिल में हिस्सेदारी है। मिल में पत्नी सुमन गोयल और भतीजा आदित्य, सुमन गोयल और प्रतिभा गोयल भी हिस्सेदार हैं। वह मिल का काम नौ सालों से देख रहा है। मिल में धान खरीद कर धान से चावल आगे ब्रोकरों से बेचने का काम करते हैं। वह ब्रोकर प्रकाश मच्छाल खत्री निवासी मुंबई को पांच सालों से जानता है। प्रकाश उनके मिल से चावल मंगवाकर मुंबई में बेचता था और पेमेंट भिजवा देता था। प्रकाश ने उन्हें अगस्त 2024 में बताया कि उनके संपर्क में श्रीजी इंटरप्राइजेज अहमदाबाद तथा सोना इंटरप्राइजेज अहमदाबाद तथा मां तुलजा भवानी एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड देवास इंदौर के साथ जान पहचान हो गई है। तीनों फॉर्म के मालिक दीपेश तथा महेश अच्छे व्यापारी हैं और अच्छे रेट पर चावल खरीदने हैं तथा समय पर पेमेंट करते हैं। उसने प्रकाश के कहने पर दीपेश व महेश को 6 सितंबर 2024 को अलग-अलग स्थान से 69 लाख 41 हजार का चावल भिजवा दिया। जब पेमेंट नहीं आई तो पता किया तो आरोपियों के पते गलत मिले। बाद में पता चला कि दीपेश का असली नाम राजेश इंद्रलाल लालवानी व महेश का रिंकू जेठवानी है। उक्त मामले में पहले ही रिंकू जेठवानी को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी मनीष भी वारदात में शामिल था। मनीष को कोर्ट ने 9 दिन पुलिस रिमांड पर दिया है।



**कैथल।** आरोपी सीआईए-1 गिरफ्त में।

## कार्यक्रम — सुपर 100 लेवल 1 के परीक्षा परिणाम आने में देरी से बिगडा शेडयूल

# लेवल 2 की परीक्षा देरी से होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सुपर 100 लेवल 1 के परीक्षा परिणाम आने में देरी से आगे का शेड्यूल बिगड़ गया है। इसके चलते लेवल 2 की परीक्षा भी देरी से होने की आशंका है।

विद्यार्थियों को लेवल 1 की परीक्षा परिणाम का इंतजार है। जारी हुए शेड्यूल के अनुसार 20 फरवरी को सुपर 100 की पहले चरण की परीक्षा का परिणाम जारी होना था लेकिन अभी तक पहले चरण का परिणाम ही नही आया। ऐसे में दूसरे चरण की परीक्षा शुरू होने की तिथि गड़बड़ा सकती है। जिले में पहले चरण में सुपर 100 की परीक्षा पांच फरवरी को जिले में अलग-अलग दस परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। 2403 में से 2201 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 202 विद्यार्थी गैर हाजिर रहे थे। परिणाम जारी होने के बाद मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा में बैठने का मौका मिलेगा।

सुपर 100 के तहत परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। सुपर 100 स्कूल शिक्षा विभाग व विकल्प फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों को शुरू किया गया कार्यक्रम है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना और उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को केंद्रों पर ऑनलाइन माध्यम से कोचिंग दी जाती है।

इसके अलावा ड्रेस, निशुल्क वर्दी, पाठ्य पुस्तकें सहित अन्य पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाई जाती है। विद्यार्थी लेवल 1 का परिणाम आने का इंतजार कर रहे हैं।

### जल्द ही परिणाम घोषित होगा



जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान ने बताया कि जैसी ही परिणाम आएगा तो विद्यार्थियों को अवगत करवा दिया जाएगा। जिले में लेवल 1 की परीक्षा में 2201 विद्यार्थी शामिल हुए थे। सुपर 100 लेवल 1 का परीक्षा परिणाम किसी कारण से स्थगित कर दिया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही परिणाम घोषित होगा।

### यह था शेड्यूल

- प्रथम चरण की परीक्षा पांच फरवरी
- परीक्षा का परिणाम 20 फरवरी
- दूसरे चरण की परीक्षा पांच अप्रैल
- परीक्षा का परिणाम 30 अप्रैल
- नया बैच प्रारंभ पांच मई



## लोककवि

दयाचंद मायना हरियाणवी बोली के कवि थे। वे हरियाणा के अब तक के सबसे महत्वपूर्ण कवियों और लोकगीत कलाकारों में से एक हैं। उनका जन्म 10 मार्च 1915 को हरियाणा (तत्कालीन पंजाब) के रोहतक जिले के मायना गांव में एक वाल्मीकि परिवार में हुआ था। उन्होंने हरियाणवी सांग और रागनी का बेहतरीन निर्माण किया। उन्होंने 21 किस्सा (हरियाणवी में नाटक) और 150 से अधिक रागनियां (हरियाणवी में कविता) लिखीं। 20 जनवरी 1993 को उनका निधन हो गया।

# जन कल्याण के रचनाकार कहलाए शिवचरण

जयंती विशेष

दिनेश शर्मा 'दिनेश'

प्रसिद्ध लोककवि एवं भजनोपदेशक शिवचरण का जन्म 9 मार्च 1929 को फाल्गुन मास की त्रयोदशी को महाशिवरात्रि के दिन दिल्ली देहात के ऐतिहासिक गांव नांगल ठाकरान में हुआ। शिवरात्रि के दिन जन्म होने के कारण ही इनका नाम शिवचरण रख दिया गया। इनके पिता का नाम मलूक राम तथा



माता का नाम प्रेमकौर था। चार वर्ष की आयु में ही पिता का साया इनके सिर से उठ गया और इनका पालन-पोषण इनके पितृव्य निहालचंद 'निहाल' द्वारा किया गया। गौरतलब है कि निहालचंद 'निहाल' अपने समय के प्रसिद्ध लोककवि एवं लोकनाट्यकार (सांगी) थे। उनका संरक्षण प्राप्त होने के कारण बचपन से ही इनके मन में संगीत के प्रति गहरा लगाव पैदा हो गया। इन्होंने आठवीं कक्षा तक शिक्षा प्राप्त की।

पंद्रह-सोलह वर्ष की आयु में इनकी दिल्ली क्लाथ मिल में नौकरी लग गई। जहां संयोग से इन्हें संगीत का शौक एवं जानकारी रखने वाले कई सहयोगी मिल गए। अब इनके पास जब भी खाली समय होता था, ये सभी वहीं अपना गायन, वादन का अभ्यास कर लेते थे। कुछ समय बाद इन्होंने अपनी पूरी भजन-मंडली बना ली। इनके कार्यक्रमों में अधिकतर देशभक्तिपूर्ण, आध्यात्मिक व शिक्षाप्रद भजन व रागनी होते थे। इनके कार्यक्रमों का लोगों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता था। इसके साथ-साथ ये समाजसेवा के कार्यों में भी अत्यधिक रुचि रखते थे। कुश्ती के शौकीन, मीठी-वाणी और परोपकार की प्रवृत्ति रखने वाले शिवचरण विशाल हृदयी थे तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' में विश्वास रखते थे। एक बार गांव नांगल ठाकरान में उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए कुएँ में गिरे एक

> लोककवि शिवचरण अपने समय के एक सशक्त हस्ताक्षर थे, जिन्होंने अपनी काव्य प्रतिभा से जनमानस में नई जागृति लाने का स्तुत्य प्रयास किया। उनका लोक साहित्य और महान व्यक्तित्व युवाओं को श्रेष्ठ साहित्य रचना और सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा

बच्चे को बचाया तो दूसरी बार किसी कारण से दो गुटों में बंटे मांढ़ोठी गांव के ग्रामीणों को एक स्थान पर बुलाया और उनके गिले-शिकवे दूर करवाए। जिससे सारा गांव दोबारा एकजुट हो पाया। इस पर गांव के प्रधान ने इनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि महाशय जी, आज आपने हमारे गांव को टूटने से बचा लिया। इस सुकृत के लिए हमारा गांव सदा आपका ऋणी रहेगा। इस प्रकार के अनेक प्रसंग इनके नाम के साथ जुड़े हुए हैं। लोककवि शिवचरण एक प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी थे। अपने पितृव्य एवं गुरु निहालचंद 'निहाल' की तरह इनके कंठ में भी मां सरस्वती का वास था। इनका गाना सुनकर श्रोता आत्मविभोर हो उठते थे। वस्तुतः इनके तीन गुरु थे। पहले, निहालचंद 'निहाल' जिनसे इन्होंने काव्य रचना और गायन विधा का ज्ञान प्राप्त किया। दूसरे, बिजवासन निवासी भूपसिंह जिनसे इन्होंने हारमोनियम बजाना सीखा और तीसरे स्वामी परमहंस, जो इनके आध्यात्मिक गुरु थे। इनकी अपने तीनों गुरुओं के प्रति अगाध श्रद्धा थी। अग्रदत्त पंक्तियों में इनके तीनों गुरुओं का वर्णन किया गया है-

*'निहाल' भूपसिंह परमहंस जी तीनों को गुरु मान लिया।*
*गाणा और बजाणा लिखणा ब्रह्मविद्या का ज्ञान लिया।*
*खूब कर्या प्रचार ज्ञान का दूध और पाणी छान लिया।*



*सही बात है सही आदमी फेर लोगां नै भी जान लिया।*
*देश धर्म केगाणे मैं ला अपनी उम्र तमाम गए ।।*
*छोड़ दिया परिवार नार संसार पहुँच धुर धाम गए ।।*

लोकगायकों और सांगियों में अपने गायन के श्रीगणेश में मंगलाचरण व गुरु-स्मरण की परंपरा देखने को मिलती है। वे भी अपने कार्यक्रम का आगाज इसी प्रकार करते थे। उदाहरण के लिए मां भवानी की भेंट के कुछ अंश प्रस्तुत हैं-

**अजब तेरी शान का री, कोन्या भेद किसी नै पाया ।।**
**कहै शिवचरण सभा मैं आओ, माई गाणे मैं रंग बरसाओ, मुझ मूर्ख को सही बताओ,**
***रास्ता ज्ञान का री, ध्यान मनै थारे चरणां मैं लाया ॥***

लोककवि शिवचरण के व्यवहार, चरित्र एवं जन्मस्थली आदि के सन्दर्भ में उनके परिजनों एवं पुरजनों से प्राप्त जानकारी के साथउनके काव्य से भी इसकी यथेष्ट जानकारी मिलती है। जैसे-

**शिवचरण नै थारा विश्वास सै,**
**मन मैं पूरी - पूरी आस सै,**
**मेरा खास सै नांगल गाम, सच्चा धाम,**
**मुख से नाम,राम जी का टेरा जी ।।**

उनके काव्य में लोकाचार के दर्शन होते हैं। लोकजीवन में कन्यादान को सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है, जो व्यक्ति अपनी जवान बेटी का विवाह समय पर नहीं कर पाता तो उसकी निंदा होती है। अतः लोकनिंदा से बचने के लिए

> कविवर शिवचरण जीवनभर लोकरंजन एवं लोकमंजन के लिए काव्य-साधना और लोकसंस्कृति के प्रचार-प्रसार में जुटे रहे

द्रौपदी की माँ राजा द्रुपद से अपनी बेटी के हाथ पीले करने का अनुरोध करती है। वह राजा को उसके कर्त्तव्य का बोध इस प्रकार करवाती है-

**स्याणी बेटी-भाण कंवारी, ना ठीक बाप के घर पै ।**
**गृहस्थ-धर्म की रीत पुराणी, फर्ज बाप के सिर पै ।।**

हमारी संस्कृति की बिसात तप, त्याग, दया, धर्म, पुण्य, दान आदि अनेक उदात्त तत्त्वों से बुनी गई है। गृहस्थ आश्रम को सब से श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि अन्य सभी आश्रम इसी पर आधारित हैं। कवि ने समाजोपयोगी लोकाचार को अपनाने का उपदेश इस प्रकार दिया है-

***दया धर्म और शील-सुभा लक्ष्मी का वास कहैं सैं ।***
***इस गृहस्थ धर्म नै वेद-शास्त्र, भक्ति खास कहैं सैं ।।***
***अपणा-अपणा फर्ज समझ कै, पूरा प्रण निभावैं ।***
***माँ-बाप करैं सो बेटा-बेटी, न्यूँ दुनिया कहती आवै ।***
***मात-पिता का फर्ज बालकाँ तै, आच्छी बात सिखावै ।***
***लिखा-पढ़ा कै करैं श्यामर्थ, जिन्दगी सफल करावै ।***

लोकजीवन में श्रद्धा-भक्ति की मन्दाकिनी अबाध गति से प्रवहमान है। अशिक्षित एवं अर्धशिक्षित लोगों की धर्म एवं भक्ति में अगाध आस्था है। इन्होंने लोकमानस की इस आस्था को बनाए रखने एवं इसे और पुष्ट करने के लिए लोगों को इस प्रकार सचेत किया है-

**नहीं मरे का शोक किसे नै, बिरथाए जिंदगी खो चाल्या।**
**लोक परलोक बिगाड़े दोनों ना मनुष जन्म हर बार मिलै ।।**
**निहालचंद सतगुरु के संग मेरा जन्म-जन्म का नाता है ।**
**पूरी शक्ति मिलै गुरुमुख नै जो शरण गुरु की जाता है ।**
**भक्ति-दान गुरु से मिलता वो ब्रह्मविद्या का दाता है ।**
**जिस पै मौज गुरु की होज्या वो परमगति को पाता है ।**
**शिवचरण पै मेहर फेर दयो जो सार शब्द का तार मिलै ।।**

लोककवि शिवचरण की रचनाओं में जीवन के सभी आयाम सहज रूप से उद्घाटित हुए हैं। सामाजिक सरोकारों एवं नैतिक मूल्यों के साथ-साथ देशप्रेम की भावना भी उनके काव्य में हिलोरें मार रही है। सन् 1965 के भारत-पाक युद्ध के उपरान्त दिल्ली में कड़ेखां नामक स्थान पर तत्कालीन लोककवियों के मध्य देशप्रेम के गीतों से सम्बद्ध एक प्रतियोगिता हुई, जिसमें इनके अग्रदत्त राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत गीत को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ-

**भारत माँ के पूत ऊठ इब, देर तनै क्यूँ लाई ।**
**पाकिस्तान मानता ना करी हिन्द नै बहोत समाई ।।**

पुराने समय में नैतिक मूल्यों की बड़ी कद्र थी। बड़े-बूढ़ों का आदर सम्मान था लेकिन समय ने करवट बदली और समाज का सारा ताना-बाना बिखरने लगा। ऐसी भयंकर स्थिति को देखकर कविवर शिवचरण का मन अकुला उठा। समाज को दशा एवं दिशा दिखाती उनकी अग्रदत्त रचना की एक-एक पंक्ति गौर करने लायक है-

**कई लड़की हों जिस माणस कै, उसकी श्यामत आवै सै।**
**लड़का देखण की सोचै जब, पहल्याएँ घबरावै सै।**
**बेशक लड़का अनपढ़ हो पर, उलट-पुलट बतळावै सै।**
***नगद दान लाखों मैं पोंहचै, अर कार - स्कूटर चाहवै सै।***
***फेरे लेकै दें छोड़ फेर भी, न्यूँ जीणा दुश्वार होया।।***
***सतपुरुषों की कद्र रही ना, झूठ्याँ का विस्तार होया।।***

जीवन के अंतिम वर्षों में इनका अधिकतर समय हरि भजन में व्यतीत होने लगा। स्वर्गवास से कुछ दिन पहले अचानक इनका स्वास्थ्य ज्यादा खराब हो गया। दवाइयों ने भी कोई असर नहीं दिखाया। 10 जनवरी 1997 को सवेरे के समय इनके सुपुत्र रामबीर सिंह 'राम', पास बैठे थे, उनको परोपकार, समाजसेवा और अन्य शुभ कार्यों के लिए प्रेरित किया और अपनी एक प्रसिद्ध रचना की निम्नलिखित पंक्तियां सुनाते हुए परमधाम के लिए प्रस्थान कर गए-

**दान-पुण्य करणे तै मनुष की कला सवाई होज्या।**
**बणा कुएं बाग स्कूल धर्मशाला सफल कमाई होज्या।**
**धर्म - कर्म नहीं छुपै कुटुंब की मान-बड़ाई होज्या।**
**शिवचरण वरदान मिलै खुश दुर्गे माई होज्या।**
**सतगुरुजी की मेहर फिरै जब शिष्य नै पास कहैं सैं।।**

कविवर शिवचरण जीवनभर लोकरंजन एवं लोकमंजन के लिए काव्य-साधना और लोकसंस्कृति के प्रचार, प्रसार में जुटे रहे। उन्होंने लोक-कल्याण में अपना सारा जीवन लगा दिया। इनके निधन के उपरान्त इनके अनेक शिष्य इनकी परम्परा को आगे बढ़ा रहे हैं, जिनमें सुरेश रोहिल्ला, महेन्द्र सिंह व रामबीर सिंह 'राम'प्रमुख हैं। इनके सुपुत्र रामबीर सिंह 'राम' उनके ही संस्कारों से आज हरियाणवी साहित्यकारों में उच्च सम्मान पाते हैं। 'राम' विशेष रूप से काव्य-रचना में सक्रिय हैं। उन्होंने कविराज शिवचरण के जीवनवृत्त को एक भजन के रूप में प्रतिपादित किया है। उसके कुछ अंश पेश हैं-

**पिता छोड़ कै चल्या गया मनैं ढूंढ्या बहोत मिल्या कोन्या।**
**साच बताऊँ तात बिना कदे मन का चमन खिल्या कोन्या।**
**सिर पै धर दिया हाथ साथ ले रामबीर का प्रणाम गए।।**
**छोड़ दिया परिवार नार संसार पहुँच धुर धाम गए ।।**

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि लोककवि शिवचरण अपने समय के एक सशक्त हस्ताक्षर थे। जिन्होंने अपनी काव्य प्रतिभा से जनमानस में एक नई जागृति लाने का स्तुत्य प्रयास किया। उनका लोक साहित्य और महान व्यक्तित्व युवाओं को श्रेष्ठ साहित्य रचना और सार्थक जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा, ऐसा हमारा विश्वास है।

---

कुण्डलिया | सत्यवीर नाहड़िया



## फाग्गण खूग्या वो दिखे...

न्यारी होवै थी कदे, फाग्गण की सौगात।
इब फाग्गण की ना रह्यी, पहलम आळी बात।
पहलम आळी बात, रात नै गाया करते।
बजा नगाड़े-ढप्प, चुगरदे छाया करते।
बड़ी-बूढ़ळी साँग, काढ़ती मिलकै सारी।
रात चाँदणी बीच, छटा होवै थी न्यारी।।

त्यारी डांडे तै सदा, होया करती खास।
भाईचारा आपसी, आया करता रास।
आया करता रास, आस नित नयी जगाते।
ढाल-बिड़कले गैल, कूकड़ी भोत बणाते।
ऊँच्ची होळी रोज, बणाते मिलकै भारी।
गाकै होळी भोत, हुवै थी न्यारी त्यारी।।

फाग्गण खूग्या वो दिखे, नहीं बच्यी वै बात।
भाईचारा ना रह्या, बदल्ये न्यूँ हालात।
बदल्ये न्यूँ हालात, टांड पै धरे नगाड़े।
गोबर-गारा गैल, धुत्त हो करते खाड़े।
चाल्ली पछवा पौन, रीत न्यूँ लाग्ये त्यागण।
गूँज्या करता भोत, रात चाँदण म्हैं फाग्गण।।

कविता | इंद्र सिंह लांबा



## हर की भूमि

धन्य धन्य धरा हरियाणा हर की भूमि कहलाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

श्री कृष्ण नैं कर्म करण की जो बात कही सै गीता मैं।
यहां कर्मठता से दिखा दिया विश्वास उन्हीं की रीता मैं।
यहां तीज त्यौहार हंस खिल के आते, रहणा प्यार प्रीता मैं।
सांझ ढले चौपाल बैठकर जिक्र चालैं मीता मैं।

खेल खिलाड़ी म्हारे अगाड़ी, धरती मां इतराती है।
ज्ञानी, ध्यानी, वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

सूरदास और ऋषि दयानंद यहां हुए तपधारी थे।
नाहर सिंह और तुला राव सदा अंग्रेजों पर भारी थे।
नेकीराम और श्रीराम शर्मा आजादी के पुजारी थे।
चंदगी राम और लीलाराम बड़े पहलवान बलकारी थे।

शिवालिक और अरावली पर्वत चोटी दिखलाती है।
ज्ञानी ,ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां ,लिखवाती है।
ढ़फ, ढ़ोल , नगाड़े बाजैं जोगी सारंगी पर गाते हैं।
वीरों का इतिहास सुना हर दिल में जोश जागते हैं।।

पावन पवित्र स्थल देखने लोग दूर से आते हैं।
पेहवा, फल्गु, कुरुक्षेत्र भक्तों के बंध रहे तांते हैं।
सतलुज, यमुना, सरस्वती धरती की प्यास बुझाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।

सांगी,भजनी,प्रचारक तत्काल मेरे हरियाणा मैं।
कवि मोहर सिंह ,बख्तावर, नंदलाल मेरे हरियाणा मैं।
लखमी , मांगे, बाजे ,धनपत, निहाल मेरे हरियाणा मैं।
फिल्म निर्देशक प्रभाकर, यशपाल मेरे हरियाणा मैं।।

नई बुलंदी छूणे के संस्कार हमें सिखलाती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है।
कहे इंद्र लाम्बा नर और नारी मिल के खेत कमाते हैं।
तारों की छाया में जाते तारों की छांव आते हैं।।

बढ़िया खेती बाड़ी सोना बालों में उपजाते हैं।
सादा रहणा सहणा और दूध, दही , घी खाते हैं।
तेरा वंदन तेरा पूजन दुनिया शीश झुकती है।
ज्ञानी ध्यानी वेदव्यास से वेद यहां लिखवाती है ।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

रोचक | करीब 150 वर्ष के दौरान विभिन्न परिवर्तनों के दौर से गुजरा है हरियाणा

# कई विलय, विघटन के बाद बना वर्तमान हरियाणा



इतिहास | यशपाल गुलिया

राकुछ जागरूक एवं जिज्ञासु पाठकों ने मेरे पिछले लेख बारे प्रश्न उठाया कि हरियाणा तो पंजाब से बना है। ऐसे पाठकों के ज्ञानवर्धन के लिए मैं 150 वर्ष के विभिन्न परिवर्तनों के बारे में अवगत करवा देता हूं। वर्ष 1802 में नवस्थापित हरियाणा राज्य का आयरिश शासक तो स्वर्ग सिधार गया, लेकिन अगले ही वर्ष 1803 में दिल्ली पर अंग्रेज सत्ता स्थापित हो गई।

उन्होंने दिल्ली के तीन तरफ स्थित क्षेत्र को विभिन्न रियासतों व नवाबियों में वितरित कर दिया। जॉर्ज थॉमस द्वारा गठित हरियाणा प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्र को झज्जर रियासत व दुजाना रियासतों को प्रदान कर दिया। जैसे झज्जर रियासत में नारनौल, महेन्द्रगढ़, कांटी तथा बावल तक का क्षेत्र दे दिया गया। वहीं, दुजाना नवाब को नाहड़, भिवानी, हांसी, हिसार तक क्षेत्र दिया गया, जिसका उसने 1809 में स्वेच्छा से परित्याग कर दिया। अंग्रेजों ने दिल्ली पर अधिकार करने के बाद अन्य नई रियासत मेवता, पटौदी व लौहारु आदि भी बना डाली। जबकि अंग्रेज शासक से पहले कायम रजवाड़े, नवाबी आदि यथावत बने रहने दिए। क्योंकि उन्होंने न केवल अंग्रेज प्रभुसत्ता को सहर्ष स्वीकार किया बल्कि अंग्रेजों की हर प्रकार से सहायता भी की, जैसे फरुखनगर, बल्लभगढ़, बहादुरगढ़, झाड़सा, कुन्जपुरा, जीन्द, कैथल, नारायणगढ़, रानियां आदि रजवाड़े पहले से स्थापित हो चुके थे। इस तरह जॉर्ज थॉमस द्वारा स्थापित हरियाणा राज्य का नाम तब लुप्त



अंग्रेजों ने 1804 में झज्जर रियासत बनाई थी। रियासत का यह महल अब गिरा दिया गया है।

प्राय हो गया। अंग्रेजों ने प्रशासनिक व्यवस्था के तहत 1810 के बाद वर्तमान हरियाणा क्षेत्र में नये जिले बनाने की प्रथा भी आरम्भ कर दी थी और तब पंजाब सतलुज नदी के पार वाले क्षेत्र को कहा जाता था जिसकी राजधानी लाहौर थी। उस समय पंजाब का शक्तिशाली शासक महाराजा रणजीत सिंह था, जिससे अंग्रेजों ने चालाकी पूर्ण सन्धि कर ली थी। अर्थात महाराजा के जीवित काल वर्ष 1839 तक तो अंग्रेज लाहौर तक नहीं गए लेकिन उसके बाद वर्ष 1849 तक सिखों से कई युद्ध करके समस्त पंजाब (वर्तमान पाकिस्तान) पर अधिकार कर बैठे। उसके कुछ वर्षों बाद स्वाभिमानी भारतीय सैनिकों ने 1857 का विद्रोह कर दिया और चार माह तक दिल्ली अंग्रेजों से मुक्त हो गई थी। परन्तु सत्तालोलूप कुछ पंजाब शासकों ने अंग्रेजों को सैन्य सहायता देकर दिल्ली पर उनका शासन फिर से कायम करवा दिया।

वर्ष 1858 से अंग्रेजों ने भी प्रशासनिक परिवर्तन करके न केवल वर्तमान हरियाणा क्षेत्र बल्कि दिल्ली को भी एक जिला बनाकर पंजाब सूबे के तहत कर दिया तब पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर में थी तथा दिल्ली, वर्तमान हरियाणा व हिमाचल क्षेत्र सहित 32 जिलों का राज्य बना दिया था। उसके बाद वर्ष 1912 से दिल्ली को पंजाब से अलग कर दिया गया क्योंकि अंग्रेजों ने 1912 से कलकत्ता से राजधानी दिल्ली स्थानांतरित कर दी थी। लेकिन हरियाणा व हिमाचल को 1966 से ही अलग राज्यों का दर्जा प्राप्त हो सका। अर्थात नए हरियाणा का उदय वर्ष 1966 में एक नवंबर को हुआ।

**विशेष** : लेखक ने शोध शैली की विभिन्न पुस्तकें लिखी हैं।



अंग्रेजों द्वारा दिल्ली में बनाया गया 1857 का स्मारक।

---

# संस्कृति संवर्धन में कला की अहम भूमिका : प्रदीप जेलपुरिया

कलाकार | ओ.पी पाल

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति को संजोए रखने के लिए लोक कलाकार अलग-अलग विधाओं में अलख जगा रहे हैं। सूबे के लोक कलाकारों और गीतकारों ने देश में ही नहीं, वरन् विदेशों में भी अपनी छाप छोड़ी है। ऐसे ही विख्यात कलाकार प्रदीप जेलपुरिया ने मिमिक्री और मंच संचालन के साथ अपने गीतों की बेहतरीन प्रस्तुतियों से लोकप्रियता हासिल की है, वहीं वह जेल विभाग में सेवा देते हुए कैदियों को भी संस्कृति और संस्कारों की सीख दे रहे हैं। मिमिक्री के साथ रागनी गायन, एंकरिंग, कविता लेखन के माध्यम से सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और खेल जैसे समारोह में एंकरिंग की भूमिका में बुलंदियां छू रहे कलाकार प्रदीप जेलपुरिया ने हरिभूमि संवाददाता से हुई बातचीत के दौरान अपनी कला के सफर में कई ऐसे अनछुए पहलुओं को उजागर किया है, जिसमें अपनी संस्कृति का संवर्धन करना उनकी कला की प्राथमिकता है।

हरियाणा के विख्यात मिमिक्री कलाकार प्रदीप जेलपुरिया का जन्म जिला झज्जर के शहर बहादुरगढ़ में 29 दिसंबर 1983 को दलीप सिंह और कृष्णा देवी के घर में हुआ। उनके पिता एक सरकारी स्कूल में अध्यापक और माता गृहिणी के रूप में परिवार की जिम्मेदारी संभालते रहे हैं। परिवार में भले ही साहित्यिक या सांस्कृतिक माहौल न हो, लेकिन उनकी माता पड़ोसियों की जिस अंदाज में मिमिक्री करती थी, उसका प्रभाव बचपन में ही प्रदीप पर पड़ने लगा। इसी कारण उन्हें





बचपन में ही अभिनय जैसी कला में अभिरुचि हो गई थी और वह एक्टरों की मिमिक्री करने लगे। प्रदीप की प्राथमिक शिक्षा सरकारी स्कूल एवं माध्यमिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय रेवाडी से हुई। जबकि बीए दिल्ली विश्वविद्यालय के अंबेडकर कालेज और एमए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से उत्तीर्ण की। बकौल प्रदीप जेलपुरिया, वह स्कूली शिक्षा के दौरान नाटकों में मंचन और मिमिक्री करने लगे। जब वह सातवीं कक्षा में थे तो उन्होंने पहली बार अपने प्रिंसिपल की मिमिक्री की, इस पर प्रिंसिपल ने उसे डांटने या पीटने के बजाय इस कला के लिए प्रोत्साहित किया। वह स्कूल के कार्यक्रमों में नाटकों में अभिनय मंचन और मिमिक्री करने लगे। उन्होंने बताया कि एमडीयू में एमए के दौरान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित आल इंडिया पुलिस गेम (घुड़सवारी) में उन्होंने बतौर एंकर की भूमिका निभाई। उनकी उपलब्धियों को देखकर ग्रैपलिंग गेम में कल्चरल अफेयर्स का निदेशक बनाया गया, जिसके तहत उन्होंने ग्रैपलिंग गेमों में कई वर्ष एंकरिंग की। इसके अलावा झज्जर बहादुरगढ़, रोहतक, रेवाडी, फरीदाबाद एवं नूहं के गीता महोत्सव में भी एंकरिंग की। एंकरिंग के साथ हरियाणवी संस्कृति को संजोए रखने के लिए मुहिम छेड़ी और हरियाणा रागनी का मंचन भी किया और हरियाणवी गाने '70 का हरियाणा' में भी भूमिका निभाई। गत वर्ष 2024 में विशाखापटनम, राजीव गांधी स्टेडियम दिल्ली, छत्रसाल स्टेडियम दिल्ली एवं तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एंकरिंग एवं हरियाणवी गानों से सबका मन मोहा है। इनका कहना है कि हरियाणवी बोली और संस्कृति का राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करना उनकी प्राथमिकता है। जीवन में उतार चढ़ाव आते हैं, लेकिन उन्होंने उस हालातों में भी हौसला नहीं खोया, जब कुछ साल पहले पैरालिसिस के कारण उनका चेहरा खराब होने लगा था। उनकी विभिन्न कलाओं का फोकस हरियाणवी संस्कृति और संस्कारों पर रहता है।

## पुरस्कार और सम्मान

अभिनय, गीतों और लेखन के साथ मिमिक्री की कला में विख्यात होते कलाकार प्रदीप जेलपुरिया को कालेज शिक्षा के दौरान दिल्ली यूनिवर्सिटी आंबेडकर कॉलेज से सर्वश्रेष्ठ मिमिक्री अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें हरियाणा गौरव पुरस्कार, झज्जर गौरव पुरस्कार के अलावा गृह विभाग के एसीएस विजय वर्धन और जेल महानिदेशक भी पुरस्कार से नवाज चुके हैं। इसके अलावा उन्हें विभिन्न मंचों से अनेक पुरस्कार व सम्मान मिले हैं।

## कैदियों को दे रहे हैं संस्कृति की सीख

कलाकार प्रदीप जेलपुरिया का साल 2003 में जेल विभाग में सिपाही के पद पर चयन हुआ। नौकरी के बावजूद उनकी कलाकारी का जज्बा जीवित रहा। जेल के माहौल में रहकर उन्होंने कविता लिखना शुरू किया और जेल में कैदियों को संस्कृति और संस्कार देने का काम शुरू कर दिया। विभाग ने भी उनकी कला को देखते हुए उनकी ड्यूटी बतौर म्यूजिक इंचार्ज जेल रोहतक में कर दी। फिलहाल उनकी ड्यूटी मेवात जेल में हैं। वह समाज को नई दिशा देने के मकसद से संस्कृति के लिए हरियाणवी में कार्यक्रम भी करते आ रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की

**कैथल।** कलायत थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत पर प्रशांत, सुमित, अमित, विक्रम, अनुज, राहुल, साहिल सहित 15 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि आरोपित छह मार्च को शाम करीब साढ़े सात बजे उसके घर में घुस आए थे। आरोपितों ने उसके साथ छेड़छाड़ की। मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपितों में से एक ने महिला को डराने व धमकाने के लिए बंदूक से हवाई फायर भी किया। बाद में लोगों के एकत्रित हुए तो आरोपित मौके से फरार हो गए। महिला ने बताया कि आरोपितों के साथ उनके परिवार का पहले भी कई बार झगड़ा हो चुका है। कलायत थाना के जांच अधिकारी एसआई विजय कुमार ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### दादा खेड़ा में हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन

**राजौंद।** गांव गुलियाना के दादा खेड़ा में गांव की सुख शांति के लिए हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। गांव के लोगों ने बताया कि हर वर्ष गांव के सहयोग से हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि सुबह आचार्य द्वारा विधिवत रूप से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें गांव के लोगों ने आहुति डाली वह गांव की सुख शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर सतबीर सिंह विक्रम फौजी सुदेश कुमार मास्टर कैलरम पाला राम प्रजापत राजकुमार ठेकेदार पंडित जय नारायण कौशिक सहित गांव के ग्रामीण मौजूद थे।

### पुलिस की संयुक्त टीम ने जुआ अड्डे पर रेड

**कैथल ।** सीआइए और चीका थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने चीका उधम सिंह चौक के पास जुआ के अड्डे पर रेड की। टीम ने वहां से आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दो लाख 10 हजार रुपये नकदी और दो गाड़ियां जब्त की हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि सब्जी मंडी के पास राजू टायर वाले के कमरे में कुछ लोग अवैध तौर पर ताश से जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने रेड की और पाया कि वहां मौजूद व्यक्ति विदेशी तरीके से टोकन सिस्टम के जरिए जुआ खेल रहे थे।

### जिंदल के 55वें जन्मदिन पर लगाए फल दार पौधे

**पूंडरी।** पूर्व विधायक पुंडरी, चौधरी तेजवीर सिंह प्रधान चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पुंडरी ने चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर पुंडरी में ओर अपने साथियों के माध्यम से चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय ढाण्ड डडवाना,बाबू अनंत राम जनता कालेज कौल में सांसद कुरूक्षेत्र लोकसभा नवीन जिंदल के 55वें जन्मदिन पर पांचों कालेजों में फलदार पौधे लगवाए।

## गांव धनौरी में त्रिमूर्ति शिव जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

# मानवता की सेवा और आध्यात्मिक जागरूकता सबका कर्तव्य: बेदी

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बोले- परमात्मा से सीधे जोड़ने का काम करते हैं यह कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** धनौरी में प्रभु मिलन भवन का उद्घाटन करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारी का मंत्री कृष्ण बेदी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि स्वयं को जानो और परमात्मा से जुड़ो। इस तरह के कार्यक्रम हमें परमात्मा से सीधे जोड़ने का काम करते हैं। यह हमारा सर्वोच्च मार्ग दर्शक है। शुद्ध और सकारात्मक विचारों से ही जीवन में शांति और आनंद प्राप्त होता है।

मानवता की सेवा और आध्यात्मिक जागरूकता हम सबका कर्तव्य है। मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को गांव धनौरी में प्रजापति ब्रह्मकुमारी धनौरी द्वारा त्रिमूर्ति शिव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने प्रभू मिलन भवन का उद्घाटन किया और जानकारी हासिल की। हमारे मोक्ष के देवता भोले बाबा हैं तथा कर्म योगी भगवान श्रीकृष्ण है। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि कर्म करो फल की ईच्छा मत करो। शिव बाबा कहते हैं कि पूरे जीवन कर्म करो और मैं आपको मोक्ष के रास्ते पर ले जाऊंगा। यदि मोक्ष मिल जाए तो इससे बड़ी कोई बात ही नहीं है। ऐसे कार्यक्रम में रहकर हमारे मन और आत्मा को शांति मिलती है और सद्मार्ग की तरफ रास्ता प्राप्त होता है।

हम सभी को ऐसे कार्यक्रम में जुड़कर समाज सेवा करनी चाहिए। नकारात्मकता से बचने के लिए सकारात्मक चिंतन हमें करना चाहिए। प्रेम, करूणा और सहयोग का भाव रखना चाहिए। केंद्र द्वारा आध्यात्मिकता, ध्यान और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सेमिनार, सत्संग और वर्कशॉप आयोजित किए जाते हैं। इस मौके पर रानी दीदी, सुषमा व लक्ष्मी, वीरू, अमित, वैसाखी सैनी, बलदेव, अनिल, ईश्वर, अनिल जांगड़ा, सरपंच कपिल, सुरेंद्र सिंह, धर्मपाल, ब्लॉक समिति सदस्य जगदीश आदि मौजूद रहे।

**अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ**

मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। लोगों को स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, परिवहन सुविधा, सामुदायिक भवन व अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

# नुक्कड़ नाटक में बालिका की शिक्षा पर जोर दिया



**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रीति बंसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल की महिला प्रकोष्ठ द्वारा गांव जांबा में नारी की पुकार नामक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। 21 छात्रों द्वारा प्रस्तुत इस नाटक में महिलाओं द्वारा अपने दैनिक जीवन में सामना की जाने वाली विभिन्न चुनौतियों को उजागर किया गया और प्रत्येक बालिका की शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में पुंडरी के विधायक सतपाल जंबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं गांव के सरपंच श्री लभ सिंह भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका प्रीति बंसल ने स्वागत भाषण दिया, जबकि वरिष्ठ सदस्य डॉ. गीता गोयल ने सभी का धन्यवाद व्यक्त किया।

### श्री राम मंदिर में पंचम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**सीवन।** सीवन के श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम दरबार, भगवान शिव परिवार, भगवान श्री राधा-कृष्ण एवं भगवान विष्णु जी की प्रतिमाओं का पंचम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बड़ी श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस पावन अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से भव्य रूप से सजाया गया।

हवन, पूजन और भजन-कीर्तन से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी विनेश मेहता, वीना मेहता, ज्ञान रहेजा व गौशाला सेवा समिति के कोषाध्यक्ष प्रशांत आनंद द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता है।

### सीवनः तीन किलोमीटर का सफर 30 किलोमीटर पर भारी

**सीवन।** गांव गोहरा मोड से नागल तक की 3 किलोमीटर की सड़क जर्जर होने के चलते राहगीरों का सफर अड़चनों भरा रहने से गांववासियों में रोष बना हुआ है। गांव गोहरा सरपंच पूजा रानी, नागल के सरपंच सुखविंदर सिंह ने बताया कि सड़क बने कई वर्ष होने ओर उसकी स्थानीय विभाग द्वारा सुध न लेने के चलते आज सड़क खस्ता हालत में है। सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है इस बात का राहगीर को पता नहीं चल पा रहा। मौजूदा समय में फोर व्हीलर से लेकर टू व्हीलर वाहन चालकों को अपने वाहनों के 3 किलोमीटर के सफर को पाटने के लिए एक घंटे का समय लगता है। इससे उनका समय ओर धन दोनों बर्बाद हो रहे है।



गोहरा मोड से नागल तक जर्जर हालत पर सड़क।

# करनाल में 25वां वैवाहिक अग्रवाल सम्मेलन 23 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

■ राजेंद्र गर्ग भाणा के प्रतिष्ठान पर बैठक का आयोजन किया गया

अग्रवाल युवा संगठन द्वारा 25वां वैवाहिक अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन 23 को करनाल में आयोजित, जिसमें अपनी संतान के लिए उत्तम जीवन साथी चयन करने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन भवन, सेक्टर-3, करनाल में प्रात 9 बजे से किया जाएगा। इस सम्मेलन में अग्रवाल समाज के युवक-युवतियों को अपने जीवन साथी की तलाश करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। आज पूंडरी में इस विषय को लेकर राजेंद्र गर्ग भाणा के प्रतिष्ठान पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया और उनसे सुझाव मांगे गए। इस बैठक का उद्देश्य समाज की समस्याओं को हल करना और समाज के विकास के लिए सुझाव प्राप्त करना था। बैठक में विशेष रूप से प्रधान रमेश जिंदल, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति डा. सुभाष बंसल, संदीप गर्ग, अरूण अग्रवाल, प्रवीण गर्ग, कुलदीप गुप्ता, प्रवीण मित्तल, अश्विनी गुप्ता आदि मौजूद रहे। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गो के लोगों ने भाग लिया और उन्होंने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान, समाज की समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए सुझाव दिए गए।

### विवाहिता की शिकायत पर पति-सास पर केस

**कैथल।** शहर की एक कालोनी निवासी विवाहिता की शिकायत पर नरवाना निवासी पति तेजेंद्र और सास सुशीला के विरुद्ध महिला थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसकी शादी दिसंबर 2019 में तेजेंद्र के साथ हुई थी। आरोप है कि उसके साथ अप्राकृतिक संबंध भी बनाए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल निर्मला को सौंप दी है। वहीं दूसरे मामले में कैथल के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत पर अरुणाय कुरुक्षेत्र निवासी पति सुनील के विरुद्ध महिला थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि उसकी शादी सुनील के साथ मार्च 2022 में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही उसे दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ति किया जाने लगा था।

# हर क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका एवं योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला

■ चौ. ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में क्षमता आधारित कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वीमन सेल, लीगल सेल तथा एनएसएस सेल के संयुक्त तत्वावधान में 'समाज में मूल्य आधारित विकास में तेजी लाने में महिलाओं की भूमिका विषय पर क्षमता आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अमिता राणा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता की भूमिका दिविता सिंह ने अदा की जो वर्तमान में हरियाणा और पंजाब उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ में वकील हैं। टीआईएसएस मुंबई से दो स्वर्ण पदक के साथ एलएलएम करने वाली कुमारी दिविता का महिला सशक्तिकरण की तरफ विशेष रुझान है एलएलएम के दौरान उनका शोध का विषय भी संविधान का महिला सशक्तिकरण में विशेष योगदान रहा । उन्होंने छात्राओं को संविधान में दिए गए महिलाओं के अधिकारों, समाज में महिलाओं की अनेक भूमिकाओं तथा 'समाज के हाशिए पर महिलाएंड़ विषय को न केवल बारीकी से बल्कि आधारभूत रूप से स्पष्ट किया। कार्यक्रम के अध्यक्षीय भाषण के वक्ता की भूमिका डॉ. रामजी लाल पूर्व प्राचार्य दयाल सिंह कॉलेज करनाल द्वारा अदा की गई। उन्होंने में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका एवं योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में, कृषक वर्ग में, आजादी के आंदोलनों में, सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं की वर्तमान स्थिति को सांख्यिकीय आंकडों के साथ प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि, मंच संचालन डॉ. सोनिया दहिया ने किया। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. प्रेम रही। इस अवसर पर प्रवीण चौधरी, डॉ. विनय खुरानिया, डॉ. मीनू , डॉ. रीना गोरा, निशा, मंजू, मोनिका, सुशीला भी मौजूद रहे।

### अपराधों को रोकने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा एसपी राजेश कालिया के कुशल नेतृत्व में गांव गांव जाकर जनसंपर्क अभियान लगातार जारी है। रविवार को गुहला डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, एसएचओ चीका इंस्पेक्टर सुरेश कुमार की टीम द्वारा गुहला उपमंडल के गांव हरनोली, लंडाहेड़ी, जोधवा में जाकर ग्रामीणों व मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठकों का आयोजन किया गया। इस दौरान डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने कहा कि अपराधों को रोकने के लिए आमजन का सहयोग बहुत जरूरी है जिसके बिना यह काम असंभव है। कहा जाता है कि नशा ही सब अपराधों की जड़ है इसलिए नशे को समाप्त करना पुलिस और जनता का प्रथम कर्तव्य है।

# राष्ट्रीय महिला दिवस पर सरपंच परमिंद्र सम्मानित

■ गांव प्रेमपुरा में ब्लॉक स्तर पर मना राष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** सरपंच परविंदर कौर ने पौधारोपण कर की नई शुरूआत फोटो : हरिभूमि

गांव प्रेमपुरा में ब्लॉक स्तर पर राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गांव की सरपंच परमिंद्र कौर को सम्मानित किया गया।

कुछ दिन पहले ही उन्हें केंद्रीय पंचायत मंत्री द्वारा गांव के विकास कार्यों को लेकर अवार्ड से नवाजा गया था। इस कार्यक्रम में गांव की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया और महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता फैलाई गई।बता दें कि मंगलवार को दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय पंचायत मंत्री द्वारा सरपंच परमिंद्र कौर को गांव के विकास कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। खास बात यह रही कि वह पूरे जिले से चयनित होने वाली एकमात्र सरपंच थीं। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीण महिलाओं और अधिकारियों ने भी परमिंद्र कौर के प्रयासों की सराहना की और महिलाओं को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पंचायत विभाग के अधिकारी भी पहुंचे इस अवसर पर पंचायत विभाग की ओर से एसईपीओ जयपाल और ग्राम सचिव साहिल कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान गांव में पौधारोपण किया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा सके।

गांव की सरपंच परमिंद्र कौर ने महिलाओं को सशक्त होने का संदेश देते हुए कहा कि भारत अब विकसित देश बनने की अंतिम कड़ी पर पहुंच चुका है, और इसमें महिलाओं का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि देश की महिलाएं आज हर क्षेत्र में खुद को साबित कर रही हैं, इसलिए ग्रामीण महिलाएं भी खुद को कमजोर न समझें और हर फील्ड में आगे बढ़ने का प्रयास करें। गांव के विकास में सरपंच का योगदानपरमिंद्र कौर ने बताया कि जब गांव की सरपंची का कार्यभार उन्हें सौंपा गया, तभी उन्होंने गांव के विकास के लिए लगातार काम करने का संकल्प लिया।

### पूर्व सैनिक की मार्च मास की मासिक मीटिंग में रखीं मांगे

# पूर्व सैनिकों के निधन पर दो मिनट का रखा गया मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

■ 18 मार्च तक कैथल व कलायत बस स्टैंड में कैंटीन को आवेदन मांगे

पूर्व सैनिक की मार्च मास की मासिक मीटिंग हुई जगजीत फौजी हरियाणा शहीद स्मारक पार्क रोड़ कैथल पर सैनिक पूर्व वेलफेयर एसोसिएशन कैथल ने अपनी मार्च की मीटिंग की मीटिंग की अध्यक्षता एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने की जिन पूर्व सैनिकों का निधन हुआ उनके लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। पिछले मास का लेखा-जोखा पढ़कर सुनाया गया और आगे सदस्यता पर जोर देने के लिए बताया सूबेदार मुख्तार सिंह भानपुरा हवलदार रामस्वरूप बालू , कैप्टन रवि दत्त शर्मा, सुबेदार उदयभान शर्मा, कैप्टन बलजीत सिंह, कैप्टन नर सिंह ढुल ने अपने विचार रखे इन्होंने जीवन प्रमाण पत्र,80 वर्ष के बाद 20% की बढ़ोतरी, द्वितीय विश्व युद्ध में हुए शहीदों की जानकारी बारे , एसोसिएशन का त्रिवर्षीय चुनाव एवं अन्य बिंदु रखें। इन पर एसोसिएशन प्रधान ने बताया कि पेंशन जो स्पर्श के माध्यम से ले रहे हैं उसके बारे में पी पी ओ का मामला, पूर्व सैनिक, परिवार ,शहीदों की वीरांगना, पूर्व सैनिकों की विधवाएं,डिसएबल एक्स सर्विस मैन और उनकी वीडियो इन सभी को मध्य नजर रखते हुए एसोसिएशन ने अंबाला वेटरनस समाधान केंद्र, सब एरिया हेडक्वार्टर अंबाला कैंट को प्रार्थना की थी उसे पर संज्ञान लेते हुए उन्होंने 4 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 9:00 बजे हमारी टीम जिला सैनिक बोर्ड का पहुंच जाएगी। किसी को भी पेंशन से संबंधित कोई दिक्कत है जैसे किसी भी कारण से बंद है, कम, ज्यादा, पी पी ओ की त्रुटि की वजह से दिक्कत है। उसके लिए समाधान शिविर लगाया जाएगा। इसका बंदोबस्त जिला सैनिक बोर्ड कैथल में किया जाएगा। इस समाधान शिविर के लिए सभी से अनुरोध है ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने को कहा गया कि जिला के हर पूर्व सैनिक परिवार तक सूचना पहुंच जाए। 18 मार्च तक कैथल व कलायत बस स्टैंड में जय जवान कैंटीन के लिए आवेदन जिला सैनिक बोर्ड में देना है और किसी साथी या मातृशक्ति की कोई शिकायत है वो भी लिखित में दे सकते हैं।

### कई प्रतियोगिताएं आयोजित

# कॉलेज ऑफ एजुकेशन में महिला दिवस व होली पर्व धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन किठाना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व होली का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पारंपरिक परिधान कार्यक्रम,रंगोली व अल्पना प्रतियोगिता और नींबू दौड़ शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्या डॉ निर्मल सिंहरोहा ने की। उन्होंने छात्र छात्राओं को महिला दिवस व होली के त्योहार की सांस्कृतिक महत्ता के बारे में जानकारी प्रदान की । उन्होंने बताया कि आज सभी महिलाओं के सम्मान का दिन है जो प्रेरणा देती हैं, समाज को सशक्त बनाती हैं और बदलाव की मिसाल कायम करती हैं। उन्होंने होली पर्व के बारे बताया कि होली रंगों का पर्व है ।यह हम सबको आपस में मिलजुल कर रहना सिखाता हैं। कॉलेज चेयरमैन रामफल ढांडा ने बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कॉलेज के एम.डी. विकास ढांडा व स्कूल प्रिंसिपल डॉ सुमन ढांडा भी मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली जैसे त्योहार एकता और सौहार्द का प्रतीक हैं और हमें अपने सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ते हैं।प्रतियोगिताओं में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पारंपरिक परिधान कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया।जिसमें बीए बीएड द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा चॉइस और बी.ए. बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा अंजली ने भाग लिया।रंगोली अल्पना प्रतियोगिता में बी.ए, बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर, बी .एस. सी. बी.एड. बी.ए. बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर व बी.ए.बी.एड. छठे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने रंगों की खूबसूरत छटा बिखेरी और नींबू दौड़ ने सबका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### अलग-अलग मामलों में 18 लोगों पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**कैथल ।** मारपीट के चार अलग-अलग मामलों में 18 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। पहले मामले में चीका निवासी सुखराज की शिकायत पर सूरज, दीपक और कमल के विरुद्ध चीका थाना में मारपीट का केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि आरोपितों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पांच मार्च को उस पर, उसके पिता जसबीर और दोस्त पर गंडासी से हमला कर दिया था। आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। वहीं दूसरे मामले में धनौरी निवासी रोहताश की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि छह मार्च को चार युवकों ने गांव फ्रांसवाला के पास उसका रास्ता रोक लिया था।

आरोपितों ने उसे और उसके दोस्त रिंकू को मारपीट कर घायल कर दिया था। सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच एएसआई सुखदेव को सौंप दी है। तीसरे मामले में गांव खुराना निवासी सतीश कुमार की शिकायत पर प्रदीप, कृष्ण, बलवंत, बलवान, विकास, सोनू, हर्ष, सीमा, जन्नत और विक्की के विरुद्ध सदर थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि आरोपितों ने 15 फरवरी को उसकी माता के साथ मारपीट की थी। गंडासी से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। चौथे मामले में सीवन निवासी चेतन की शिकायत पर संदीप, पवन, गौरव, मामराज और रजत के विरुद्ध सीवन थाना में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया कि आरोपितों ने दो मार्च को सीवन में रात करीब आठ बजे उसके साथ मारपीट की घायल कर दिया था।

**कार्यक्रम** ब्रह्माकुमारीज राजौंद ने महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया

# अपने बेटों को महिलाओं की इज्जत करना जरूर सिखलाएं: आशा बहन

आध्यात्मिकता को अपनाने से हमें समस्याओं का सामना करने की शक्ति मिलती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

नगर के कैथल रोड पर स्थित ब्रह्माकुमारीज राजौंद द्वारा महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा राजौंद द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण आदरणीय भ्राता मेहर चंद जी के निदेर्शानुसार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम मे ब्रह्माकुमारी बहने आस पास के गांव नीमवाला , रोहेड़ा इत्यादि गांव में जाकर महिलाओं को जागरूक कर नारी नरक का द्वार नहीं सिर का ताज है। नारी अबला नहीं सबला है।

शक्ति स्वरूपा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और नारी के उत्थान के संकल्प के साथ उसे समाज में खोया सम्मान दिलाने, भारत माता, वंदे मातरम् की गाथा को सही अर्थो में चरितार्थ करने के लक्ष्य से मना रही है ताकि हर गांव हर नगर की महिलाएं आपने अधिकारों के बारे में जान सके और स्वयं के स्वरूप में टिक कर पूरे समाज का पालन करें । इस दौरान ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा की नारी परिवार की धूरी है। वह घर को स्वर्ग बनाने वाली और बच्चों को सुसंस्कारित करने वाली है। आदिकाल से नारी पूज्यनीय और वन्दनीय रही है।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते भाई-बहन व अन्य। फोटो :

आजकल वह भले ही आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से सशक्त हुयी है किन्तु अध्यात्म से दूर होने के कारण उसके अन्दर सहनशीलता, नम्रता और मधुरता जैसे सद्गुणों की कमी हो गई है। आध्यात्मिकता को अपनाने से हमें समस्याओं का सामना करने की शक्ति मिलती है। राजयोग के अभ्यास से आत्मा का सम्बन्ध परमात्मा से जोड़कर उनसे शक्तियाँ प्राप्त कर महिला फिर शिवशक्ति बन सकती है। क्योंकि समाज में अनैतिकता बढ़ती जा रही है संयम के अभाव से संतुलन बिगड़ रहा है उसका मूल कारण है संस्कारों की कमी तो हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने हैं व अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। बेटे व बेटियों में समानता लाने की प्रेरणा दी। बेटों को महिलाओं की इज्जत करना सीखलाएं। जब घर में वह महिलाओं की इज्जत करना सीखेंगे तब वह बाहर जाकर महिलाओं का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। फिर भी भारतीय समाज में महिलाओं को दूसरा दर्जा दिया जाता है इसके लिए महिलाएं स्वयं ही दोषी हैं। कार्यक्रम के अंत में राजयोग का अभ्यास करवाया। बालिकाओं ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी एवं संगीत की रंगारंग प्रस्तुति।

■ बालिकाओं ने स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी

## खबर संक्षेप



### ईरा इंटरनेशनल स्कूल मे स्केटिंग का खेल शुरू

जींद। ईरा इंटरनेशनल स्कूल डूमरखां में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्केटिंग खिलाना शुरू कर दिया है। अब खिलाड़ी स्केटिंग, स्पीड स्केटिंग, रोल बॉल, रोलर हॉकी, आइस हॉकी, आइस स्केटिंग इवैंट मे प्रेक्टिस करके बड़े-बड़े टूर्नामेंट खेल कर अपना, अपने प्रदेश का नाम भारत वर्ष मे रोशन कर सकता है। स्कूल डायरेक्टर जुगमिंद्र सिंह ने बताया की स्केटिंग ऐसा खेल है जिसमे 2.5 वर्ष का बच्चा भी खेल सकता है। भविष्य मे एक राज्य स्तर का टूर्नामेंट भी यहां करवाया जाएगा। 10 मार्च से 25 मार्च तक प्रतिदिन स्कूल मे 10 से 12 बजे तक स्केटिंग का प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। आसपास के स्कूलों के खिलाड़ी भी निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।



### विद्यार्थियों को मतदान के लिए किया जागरूक

जींद । राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय कैंप के चौथे दिन कैंप की अध्यक्षता एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डा. राजेश श्योकंद ने की। उन्होंने बताया कि पहले सत्र में महाविद्यालय के एनएसएस के विद्यार्थियों ने राजीव गांधी महाविद्यालय के खेल मैदान मैं 400 मीटर के ट्रैक की सफाई, पार्कों तथा अन्य स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाया। द्वितीय सत्र में महाविद्यालय में बौद्धिक विकास के लिए एनएसएस के महत्व एवं एनएसएस की कार्य प्रणाली पर छात्राएं काजलए मोनिका एवं ईशु ने विद्यार्थियों को जागरूक किया।

### महिला कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न

सफीदो। नगर के सरला मेमोरियल राजकीय कन्या महाविद्यालय में रविवार को एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का संयोजन एनएसएस अधिकारी सीमा गुप्ता ने किया। शिविर के प्रातःकालीन सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा कॉलेज प्रांगण में श्रमदान किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेविकाओं द्वारा योगाभ्यास किया गया। उसके पश्चात छात्राओं द्वारा नशा मुक्त भारत और स्वच्छता पर पोस्टर बनाए गए। जिसमें प्रथम स्थान पर अंजलि ग्रोवर प्रथम, बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा ज्योति द्वितीय व व बीए द्वितीय तृतीय वर्ष की छात्रा पूजा तृतीय स्थान पर रहीं।

### जनता से किए हर वादे पूरे होंगे : देवेंद्र अत्री

जींद। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने लोगों की जन समस्याएं सुनने के बाद कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने इतिहास बनाते हुए भाजपा को पूर्ण बहुमत देते हुए तीसरी बार लगातार सत्तासीन करने का काम किया। जो.जो वायदे भाजपा ने जनता से किए है उन सभी वायदों को पूरा किया जाएगा। नगर निकाय के चुनाव में भाजपा बड़ी जीत दर्ज करेंगी। नगर निकाय में भाजपा के उम्मीदवारों को जीता कर ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का काम करेंगे। सीएम नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में निरंतर तेजी से प्रदेश में विकास हो रहा है। जो वायदे किए थे उन वायदे को वो पूरा कर रहे है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## शाम के समय तुलसी के पास घी का दीपक भी जरूर जलाएं : नवीन शास्त्री

# एकादशी के उपलक्ष्य पर महिलाओं ने लगवाई बाबा श्याम नाम की मेहंदी

- एकादशी के उपलक्ष पर आज मंदिर प्रांगण में होगा भव्य कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा श्री श्याम मंदिर में 26वां फाल्गुन महोत्सव का शुभारंभ रविवार को बड़े ही उत्साह व हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस छह दिवसीय फागुन महोत्सव के पहले दिन महेंदी श्री श्याम नाम की कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें ग्वालियर से आई हुई भजन गायिका भावना भदोरिया, जयपुर से खुशी व खुशबू तथा जींद से जाह्नवी ने अपने सुंदर-सुंदर भजनों से बाबा का गुणगान किया तथा भक्तों को अपने भजनों पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस कार्यक्रम में सुषमा अत्री उचाना, कैथल नगरपालिका की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, कविता गोयल दिल्ली तथा कविता सिवाच मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुई। श्री श्याम मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रवक्ता अशोक सेतिया ने बताया कि दस मार्च सोमवार को एकादशी के उपलक्ष में मंदिर प्रांगण में भव्य कीर्तन सायं लगभग सवा चार बजे आयोजित होगा। 11 मार्च मंगलवार को सायं सवा पांच बजे मंदिर प्रांगण में संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाएगा। 12 मार्च को सवा तीन बजे सेवा सदन स्कीम नंबर पांच से बाबा श्याम के भाव निशान यात्रा व नगर भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। 13 मार्च को सुबह सवा छह बजे बाबा श्याम का राजतिलक एवं लक्ष्मी श्रंगार होगा। जिसमें श्याम बाबा को 21 लाख रुपये के नोटों से श्रंगार किया जाएगा। जोकि पहली बार मंदिर प्रांगण में हो रहा है। 14 मार्च शुक्रवार को होली के उपलक्ष में श्याम बगीची में श्याम संग खेली होली का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवक योगेश गोयल, महासचिव संजय गोयल, कोषाध्यक्ष नवीन गोयल, सुरेंद्र गोयल, जयभगवान मित्तल, कार्यकारिणी सदस्य आकाश गोयल, रामप्रकाश काहनोरिया, विकास मित्तल इत्यादि भी उपस्थित रहे।



जींद। श्याम नाम की मेहंदी लगाते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### स्वार्थ सिद्धि योग में आज रखेंगे एकादशी व्रत

जींद। एकादशी तिथि को हिंदू धर्म में बेहद खास माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु की कृपा प्राप्ति के लिए साधक व साधिकाएं व्रत रखती हैं और मां तुलसी की विशे तौर पर पूजा की जाती है। इस बार भगवान विष्णु को समर्पित एकादशी तिथि सोमवार को है। सोमवार को श्रद्धालु एकादशी का व्रत रखेंगे और भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त करेंगे। इसे आमलकी एकादशी व्रत भी कहा जाता है। एकादशी पर इस बार स्वार्थ सिद्धि योग रहेगा और श्रद्धालु व्रत और भगवान विष्णु की पूजा करेंगे। इस व्रत में भगवान विष्णु को आंवले का फल अर्पित किया जाता है।

### व्रत के बाद श्रद्धालु इन नियमों की करें पालना

एकादशी तिथि पर भगवान विष्णु को भोग में तुलसी दल डालकर अर्पित करना चाहिए। क्योंकि तुलसी के बिना विष्णु जी का भोग अधूरा माना जाता है। इसलिए एकादशी से पहले ही तुलसी के पत्ते उतारकर रख लें। इसी के साथ शाम के समय तुलसी के पास घी का दीपक भी जरूर जलाएं।

### एकादशी पर श्रद्धालु रखते हैं व्रत : नवीन



जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को श्रद्धालु एकादशी व्रत रखते हैं। इस दिन मुख्य रूप से आंवले के पेड़ की पूजा भी की जाती है। साथ ही इस दिन तुलसी पूजा से भी साधक को विष्णु की कृपा की प्राप्ति हो जाती है। हिंदू धर्म में तुलसी को पूजनीय और पवित्र माना गया है। विष्णु जी की भी प्रिय होने के साथ-साथ तुलसी में धन की देवी लक्ष्मी का भी वास माना जाता है। ऐसे में श्रद्धालु एकादशी व्रत रखते हैं तो मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है।

### एकादशी व्रत पर इन नियमों की करें पालना

धार्मिक मान्यता है कि एकादशी पर तुलसी माता, भगवान विष्णु के निमित्त निर्जला व्रत रखती हैं। श्रद्धालुओं को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि तुलसी में जल अर्पित न करें। अगर ऐसा करते हैं तो व्रत खंडित हो सकता है। साथ ही इस दिन तुलसी के पत्ते भी नही तोडने चाहिए।

## गांवों में भी शहरों की तर्ज पर करवाए जाएंगे विकास कार्य: कृष्ण कुमार बेदी

- कृष्ण कुमार बेदी ने विधानसभा क्षेत्र के गांव गुरथली में सम्मान समारोह को संबंधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

प्रदेश सरकार द्वारा सबका साथ. सबका विकास नीति पर सभी हल्कों में बराबर विकास करवाया जा रहा है। गांवों में भी शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाएं जाएंगे । ग्रामीण विकास और गरीब कल्याण मौजूदा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है। इसके लिए सरकार द्वारा नित नई परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास का नरवाना विधानसभा क्षेत्र को भी बराबर फायदा मिलेगा। ये विचार हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव गुरथली में शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह को संबंधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास को गति प्रदान करने के लिए सरकार की नियत और नीति स्पष्ट हैए इसके लिए अनेक महत्वाकांक्षी और ठोस निर्णय जमीनी स्तर पर क्रियान्वित किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार की विकास परियोजनाओं का सम्रपूण फायदा तभी मिलेगा जब उनको पूरा करने में ग्रामीण भी आपसी मन मुटाव को भुलाकर एकता एवं आपसी भाईचारा के साथ सकारात्मक सहयोग करें ऐसा होना भी चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों द्वारा रखी सभी 15 मांगों की भी मंजूरी देते हुए पंचायती राज विभाग को तुरंत एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। गांव में पहुचने पर कैबिनेट मंत्री का फूलमालाओंए पुष्पगुच्छए पगड़ीए शॉल इत्यादि के साथ भव्य स्वागत किया गया। समारोह में भाजपा नेता रिछपाल शर्माए बलदेव वाल्मीकिए अमित ढ़ाकलए शीशपाल भाणाए राजेन्द्र नैनए ग्राम सचिव सुभाष चन्द्र सुरेंद्र हथोए सत्यवान शर्माए दिनेश गोयलए सुरेश पांचालए नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धाए गुरलाल रसीदाए विनय बेलरखांए ब्लोक समिति चेयरमैन बिट्टू अमरगढ़ए गांव के सरपंच गगनदीप सहित मोजूद रहे।



नरवाना। मंत्री बेदी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



जींद। मासिक बैठक में जानकारी देते प्रधान सूरजभान घसो। फोटो : हरिभूमि

## पालवां के चबूतरे पर बना मेरिज पैलस

पेलेस में कोई भी कर सकता है शादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां में खाप की बैठक का आयोजन प्रधान सूरजभाजन घसो की अध्यक्षता में हुई। चूबतरे पर लोगों के सहयोग से बनाए गए कमरों सहित अन्य कायों की समीक्षा की गई। चबूतरे पर मेरिज पैलेस का निर्माण जो चल रहा था वो पूरा हो गया है। अब यहां पर कोई भी अपने बेटे, बेटी की शादी कर सकता है। खाप के प्रधान सूरजभान घसो ने बताया कि जो बिल्डिंग चबूतरे पर बन रही थी वो पूरी हो चुकी है। यहां पर कोई विवाह, शादी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित कर सकता है। उचाना में कोई मेरिज पैलेस बने जहां पर लोग कम राशि देकर कार्यक्रम आयोजित कर सकें। चबूतरे के पास जमीन थी। ऐसे में सभी के सहयोग से यहां पर बिल्डिंग का निर्माण किया गया है। यहां पर पार्किंग सहित व्यवस्था भी है। करसिंधु-पालवां रोड पर खाप का चबूतरा है जो शहर से दूर नहीं है।

## मिशन मुस्कान के पहले सप्ताह में 16 बच्चों का रेस्क्यू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला पुलिस की मानव तस्कर विरोधी ईकाई एवं गैर सरकारी संगठन एमडीडी ऑफ़ इंडिया ने देशव्यापी अभियान मिशन मुस्कान के तहत पहले सप्ताह में जिले के 16 नाबालिग बच्चों को रेस्कयू किया है। जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार सरंक्षण आयोग के निर्देश पर एक मार्च से 31 मार्च तक हरियाणा सहित पुरे देश में बालश्रम के विरुद्ध मिशन मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। मानव तस्कर विरोधी इकाई के इंचार्ज एएसआई संदीप के नेतृत्व में चलाए गए सयुंक्त अभियान के तहत पहले सप्ताह में 16 बच्चों को बालश्रम करते हुए रेस्क्यू किया गया है। इसमें 11 बच्चे पिंडारा मेला से भिक्षाव्रती करते हुए तथा दो बच्चे स्थानीय सफीदों गेट क्षेत्र से रेहड़ी पर बाल मजदूरी करते हुए जबकि तीन बिछड़े हुए बच्चों को उनके परिजनों से मिलवा कर उनके मासूम चेहरों पर मुस्कान लौटाने में सफलता हासिल की है। सभी बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति चेयरमैन एनके अत्री द्वारा उनके अभिभावकों को अपने बच्चों को भिक्षाव्रती एवं बाल श्रम करवाने के बजाय स्कूल भेजने की सख्त हिदायत दी गई।



जींद। रेस्क्यू किए गए बाल श्रमिक के साथ मानव तस्कर विरोधी इकाई सदस्य।

### बिहार के बिछड़े बच्चे के मासूम चहरे पर लौटी मुस्कान

तीन बिछड़े बच्चों में दो छोटे बच्चे तो सफीदों गेट क्षेत्र से रास्ता भटक कर रेलवे स्टेशन रोड पर पाए गए। जिन्हें उनके परिजनों का पता लगाकर उनके सुपुर्द कर दिया गया लेकिन इनमें विशेष मामला बिहार निवासी बिछड़े हुए बच्चे मोहम्मद कामरे का रहा। बिहार के जिला सीतामढ़ी के माल्हा टोल गांव निवासी 16 वर्षीय किशोर मोहमद कामरे घर से भाग कर अपने किसी रिश्तेदार के पास पंजाब के लुधियाना पहुंच कर मजदूरी कर रहा था लेकिन कुछ दिन काम करने के पश्चात मानसिक तौर पर बीमार होने के चलते अपने रिश्तेदार के साथ ट्रेन से वापस बिहार लौट रहा था लेकिन रास्ते में दिल्ली स्टेशन पर उतर गया। इसके पश्चात मानसिक परेशानी के चलते रास्ता भटक कर रोहतक पहुंच गया। बाद में उसके परिजनों का पता लगा परिजनों को सौंपा गया।

## हिंदू कालेज में इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या कालेज जींद के आईक्यूएसी और एनईपी सैल के संयुक्त तत्वावधान में इंटर्नशिप प्रोग्राम पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 60 प्राध्यापिकाओं ने भाग लिया और इंटर्नशिप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया। इस कार्यक्रम में सीआरएसयू के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल के डायरेक्टर डा. अनूपम भाटिया मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन डा. गीता गुप्ता ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने डा. अनूपम भाटिया को मेमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डा. प्रियंका साहनी, अंजु, अंजलि, डा. उपासना गर्ग मौजूद रहे।



## न्यूज डायरी

### निर्माण मजदूरों का पंजीकरण रद करने पर जताया रोष



जींद। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा की बैठक जिला प्रधान जोगिंदर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्माण मजदूरों का बंद किया गया पंजीकरण बहाल करवाने, रुकी हुई सुविधाओं की राशि जारी करवाने, सभी निर्माण मजदूर का पंजीकरण करवाने व श्रम कल्याण बोर्ड में चल रहे भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए यूनियन के जिला सचिव संदीप जाजवान, राज्य सचिव कपूर सिंह, राज्य उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह सेलवल ने कहा कि इन मांगों को लेकर यूनियन ने चार फरवरी को प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर अंबाला में आक्रोश प्रदर्शन किया था। बाकायदा यूनियन ने निर्माण मजदूरों का सरकार द्वारा रद्द किया गया पंजीकरण व श्रम कल्याण बोर्ड में चल रहे भ्रष्टाचार की न्यायिक जांच की मांग की गई थी। श्रम कल्याण बोर्ड को बने हुए 18 वर्ष हो चुके हैं लेकिन अभीतक सभी निर्माण मजदूर का पंजीकरण श्रम कल्याण बोर्ड में सरकार ने नहीं किया है।

### डिप्टी स्पीकर ने रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया



जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के निकट सेवा सदन में रविवार को हेल्प ए मिशन वेलफेयर सोसायटी द्वारा मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने शिरकत की और रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। शिविर में 200 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि स्वस्थ्य व्यक्ति को जरूर रक्तदान करना चाहिए। रक्त की एक बूंद बीमार व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करती है। रक्तदान करने वालों के साथ उन असहाय और जरूरतमंद लोगों की दुआएं हमेशा साथ रहती हैं, जिनके लिए उनका दिया हुआ खून काम आता है। उन्होंने कहा कि रक्त का दूसरा कोई विकल्प नहीं है।

### भागवत श्रीहरि से मिलने का मार्ग बताती है : शिवाकांत



सफीदों। सफीदों शहर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रविवार को समापन हो गया। इस मौके पर विशाल हवन किया गया। हवन में आहुति डाल कर लोगों ने समाज की सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन कार्यक्रम में कथा व्यास शिवाकांत शुक्ल महाराज (श्री चित्रकूट धाम) ने आयोजक समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। अपने संबोधन में कहा कि कथा व्यास शिवाकांत शुक्ल महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सभी ग्रन्थों का सार है लेकिन इस सार के पीछे जो रहस्य छिपे हुए हैं उनको जानने की जरूरत है। मनुष्य को भागवत कथा के प्रत्येक प्रसंग के महत्व को समझकर उस पर चिंतन-मनन करते हुए जीवन में धारण करना चाहिए। कलियुग में भागवत कथा कराने एवं सुनने का बहुत बड़ा महत्व है। भगवान मानव को जन्म देने से पहले कहते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह नरवाना क्लब में आयोजित किया गया



नरवाना। नरवाना में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन की रूपरेखा क्लब के चेयरमैन राजेश गोयल द्वारा प्रस्तुत की गईए जिसके तहत विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रतियोगितात्मक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब की महिला सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से हुई, जहां परिवार के बच्चों नियोमिकाए पूर्वीए आन्या, जानवी एवं यानवी ने भी विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महामंत्री योगेंद्र पाल गुप्ता ने बताया कि क्लब ने खेल जगत में नरवाना का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं का माता.पिता और परिवारजनों की उपस्थिति में हार्दिक अभिनंदन किया।

### महिला और पुरुष एक-दूसरे से विपरीत ध्रूव नहीं बल्कि समाज रूपी पहिये : प्रो. सत्यवान



जींद। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में और महिला प्रकोष्ठ द्वारा रविवार को पिंक संडे साइकिल रैली के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि पिंक संडे साइकिल रैली का संदेश है कि महिला और पुरुष एक-दूसरे से विपरीत धुरव नही बल्कि समाज रूपी पहिये को आगे बढ़ाने वाली धुरी हैं। जैसे साइकिल सिर्फ पहियों से नही बल्कि संतुलन, दिशा और प्रयास से चलती है। वैसे ही समाज भी महिला व पुरुष के साथ-साथ शिक्षा, नीतियों और सामुदायिक सहयोग से आगे बढ़ता है। जब तक महिलाएं स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर नही होंगी और समाज उन्हें समान अवसर नहीं देगा।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर किया कर्मयोगी महिलाओं का सम्मान




नरवाना। लायंस क्लबएमानव मित्र मंडल व चिराग पब्लिक स्कूल नरवाना ने एक सम्मान समारोह में शहर की 12 कर्मयोगी महिलाओं का सम्मान किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रश्मि जैन व उर्मिल मित्तल ने बताया कि चिराग स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में निजी शिक्षण संस्थानों में कार्यरत सहायिकाओं को सम्मानित किया गया और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों को ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में सुरभि व सुगंधि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रोफेसर कांता जागलान ने अपने संबोधन में समाज में महिलाओं के स्थानए उनकी गरिमा व भूमिका को रेखांकित किया।

## खेलकूद

### प्रतियोगिता में देश के 350 खिलाड़ी ले रहे थे भाग

# राष्ट्रीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में यशोदा ने ट्रेडिशनल और रिदमिक योग में जीते मेडल

- यशोदा की जीत पर जींद जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा ने भी बधाई दी है
- यशोदा अबतक नेशनल लेवल पर 12 गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

खेल विभाग द्वारा आयोजित ऑल इंडिया सर्विसेज योगासन चैंपियनशिप 2025 में जींद की कैमिस्ट्री टीचर यशोदा आर्या ने दो गोल्ड जीते हैं। 40 से 50 आयु वर्ग में भाग लेते हुए यशोदा आर्या ने ट्रेडिशनल और रिदमिक पेयर इवेंट में भाग लेते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता में देशभर से 350 महिला व पुरुष भाग ले रहे थे। ओवरलऑल ट्राफी भी हरियाणा के नाम रही। चंडीगढ़ के सेक्टर 42 में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में ऑल इंडिया सर्विसेज योगासन चैंपियनशिप 2025 का आयोजन किया। इसमें सरकारी विभागों में सर्विसेज कर्मचारी विभिन विधाओं में भाग ले रहे थे। जींद के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कैमिस्ट्री टीचर यशोदा ने ट्रेडिशनल में गोल्ड जीता। इसके बाद रिदमिक पेयर में गुरुग्राम की निधि के साथ मिल कर पेयरिंग में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

यशोदा की जीत पर जींद जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा ने भी बधाई दी है। वहीं इसी प्रतियोगिता में पुरुषों के वर्ग में जुलाना के शामलो कलां के प्राचार्य शिवनारायण और एबीआरसी बलराज ने भी 50 से ज्यादा आयु वर्ग में भाग लेते हुए सिल्वर मेडल जीता। यशोदा आर्या ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में हरियाणा के 10 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल आया है। यशोदा आर्या ने बताया कि वह आठ साल की उम्र से ही योगा का अभ्यास कर रही हैं। वह अबतक नेशनल लेवल पर 12 गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। पिछले साल हुए खेलों में भी रिदमिक पेयर और आर्टिस्टिक सोलो में सिल्वर और ब्रॉज मेडल जीते थे। यशोदा आर्या ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में भी पांच गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। इसके अलावा नेशनल लेवल की फेडरेशन प्रतियोगिताओं में भी यशोदा के पांच मेडल हैं।




जींद। योगा का प्रदर्शन करते हुए यशोदा आर्या। फोटो : हरिभूमि